SINCE-2003

'हर पुरुष की सफलता के पीछे एक स्त्री का हाथ होता है, चाहे वह मां, बहन, पत्नी, दोस्त या फिर कोई ओर हो।'

जयपुर ■ सीकर ■ अजमेर से एक साथ प्रकाशित

दैनिक अपना अखबार

# मॉर्निंग न्यूज़

वर्ष 20 अंक : 194 ₹ 4.00 पृष्ठ-8

www.morningnewsindia.com

जयपुर
शनिवार 23 नवंबर, 2024



पेज 7 | स्पोर्ट्स

मोबाइल शॉप से हुई करोड़ों की चोरी का... | 3

# 'प्रत्येक नागरिक को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाना हमारा लक्ष्य'

## मुख्यमंत्री भजनलाल ने ली जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की समीक्षा बैठक

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो। इसके लिए राज्य सरकार प्राथमिकता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि इसके लिए धन की किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। विभागीय अधिकारी योजनाओं को चरणबद्ध रूप से आगे बढ़ाते हुए केन्द्र एवं राज्य सरकार से प्राप्त बजट का समय पर उपयोग करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल जीवन मिशन एवं अमृत 2.0 योजना के तहत चल रहे कार्यों तथा बजट घोषणाओं से जुड़े कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग कर इन्हें शीघ्र पूरा किया जाए।




मुख्यमंत्री शर्मा शुक्रवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में प्रमुख शासन सचिव जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी भास्कर ए. सावंत ने मुख्यमंत्री को प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विभागीय योजनाओं एवं बजट घोषणाओं की प्रगति की जानकारी दी। शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार के कार्यकाल के मात्र 11 महीनों में ही जल जीवन मिशन के तहत 10.32 लाख कनेक्शन दिए जा चुके हैं। उन्होंने इस योजना के कार्यों में तेजी लाते हुए गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने पर जोर दिया। शर्मा ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत गांवों में लगने वाले नलकूपों एवं जल आपूर्ति प्रणाली के संचालन हेतु आवश्यक विद्युत की व्यवस्था सोलर प्लांट लगाकर की जाए। साथ ही, ग्रामीण क्षेत्रों में हुए कनेक्शनों के रख-रखाव के लिए स्थानीय ग्राम पंचायतों की सक्रिय भूमिका सुनिश्चित की जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में पेयजल उपलब्ध कराने के लिए केन्द्र सरकार की अमृत 2.0 योजना के तहत चल रहे कामों की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए उन्हें शीघ्र पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल कर जल प्रबंधन » शेष पृष्ठ 6 पर

## एक नज़र

### उपराष्ट्रपति धनखड़ आज जोधपुर आएंगे

#### राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान अकादमी के 64वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि होंगे



**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** उपराष्ट्रपति, जगदीप धनखड़ 23 नवंबर को जोधपुर के एक दिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान उपराष्ट्रपति, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, जोधपुर, में राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान अकादमी के 64वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

### 10 नक्सलियों को ढेर करने के बाद सुरक्षा बलों ने मनाया जश्न

#### छत्तीसगढ़ में मुठभेड़ के बाद हथियारों के साथ नाचे जवान

**जगदलपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सुरक्षाबलों ने 10 नक्सलियों को मार गिराया है। इसमें 3 महिला और 7 पुरुष हैं। सभी के शव और 3 ऑटोमैटिक हथियार बरामद किए



गए हैं। मुठभेड़ के बाद जवान जश्न मनाते भी दिखे। जवानों ने हथियारों के साथ डांस किया। भेज्जी के दंतेसपुरम, कोराजुगुड़ा, नागाराम के जंगल में यह मुठभेड़ हुई है। डीआरएफ और सीआरपीएफ जवानों की कोंटा और किस्टाराम एरिया कमेटी के नक्सलियों के साथ मुठभेड़ हुई। इस साल 1 जनवरी से 22 नवंबर तक 207 नक्सली मारे गए हैं। सुरक्षाबलों को सूचना मिली थी कि भेज्जी के जंगल में नक्सलियों का जमावड़ा है। इसके बाद जवानों को रवाना किया गया, जहां नक्सलियों से मुठभेड़ हो गई। एक दिन पहले ही भारी संख्या में नक्सली ओडिशा के रास्ते सीजी बॉर्डर में घुसे थे। इस दौरान ओडिशा पुलिस के साथ मुठभेड़ भी हुई थी। इसमें एक नक्सली मारा गया था, वहीं एक जवान घायल हुआ था। इसके बाद छत्तीसगढ़ फोर्स अलर्ट पर थी।

### बारां एसपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने का आदेश

#### बुलाने के बाद भी नहीं हो रहे थे पेश, डीडवाना एसपी को दिया आदेश

**मॉर्निंग न्यूज @ डीडवाना।** डीडवाना सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट पंकज तिवारी ने बारां एसपी राजकुमार चौधरी के खिलाफ शुक्रवार को गिरफ्तारी वारंट जारी किया। कोर्ट ने डीडवाना एसपी को आदेश दिया है कि बारां एसपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करें। यह आदेश कोर्ट में पेंडिंग मामले सरकार बनाम सीताराम के मामले के तहत की गई। इस मामले में एसपी राजकुमार चौधरी जांच अधिकारी थे। मामले में गवाह रिकॉर्ड के लिए एसपी को बार-बार तलब किया जा रहा था, लेकिन वे पेश नहीं हो रहे थे। एसपी राजकुमार » शेष पृष्ठ 6 पर



# राजस्थान विधानसभा की 7 सीटों के उपचुनाव का रिजल्ट आज

## सुबह 8 बजे से शुरू होगी मतगणना, 18 से 22 राउंड में होगी वोटों की गिनती

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** राजस्थान की सात विधानसभा सीटों पर 13 नवंबर को हुए उपचुनाव के रिजल्ट 23 नवंबर को आएंगे। प्रदेश के 7 जिला मुख्यालयों झुंझुनूं, अलवर, दौसा, टोंक, नागौर, उदयपुर और डूंगरपुर पर सुबह 8 बजे से वोटों की गिनती शुरू होगी। सबसे पहले पोस्टल बैलेट गिने जाएंगे। इसके बाद ईवीएम के वोटों की गिनती होगी। पांच सीटों पर विधायकों के सांसद बनने और दो पर विधायकों के निधन की वजह से उपचुनाव हुए हैं। उपचुनाव के रिजल्ट सरकार और विपक्ष दोनों का सियासी नरेटिव सेट करेगा। इन 7 सीटों पर उपचुनाव हुए, उनमें भाजपा के पास सलूंबर को छोड़कर कोई सीट नहीं थी। दौसा सीट से कांग्रेस के मुरारीलाल मीणा, देवली-उनियारा से हरीश मीना, झुंझुनूं से बृजेंद्र सिंह ओला, खींवसर से हनुमान बेनीवाल, और चौरासी विधानसभा सीट से विधायक राजकुमार रोत के सांसद बन जाने » शेष पृष्ठ 6 पर



### महाराष्ट्र-झारखंड विधानसभा चुनाव का आज खुलेगा पिटारा

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव के नजीते 23 नवंबर को घोषित किए जाएंगे। नतीजों से एक दिन पहले शुक्रवार को महाराष्ट्र में नए सीएम को लेकर प्रेशर पॉलिटिक्स शुरू हो गई है। बारामती में एनसीपी अजित गुट के चीफ अजित पवार को भावी मुख्यमंत्री बताए जाने वाले पोस्टर लगाए गए हैं। अजित बारामती से ही विधानसभा चुनाव भी लड़ रहे हैं। उधर, महाविकास अघाड़ी खेमे में भी मुख्यमंत्री को लेकर खटपट शुरू हो गई है। कांग्रेस नेता नाना पटोले ने कहा कि महाराष्ट्र में कांग्रेस के नेतृत्व में महाविकास अघाड़ी की सरकार बनेगी। ट्रेंड्स से ऐसा लगता है कि कांग्रेस को ज्यादा सीटें आएंगी। इसलिए » शेष पृष्ठ 6 पर

**झुंझूनूं के राजकीय बीडीके अस्पताल में जीवित युवक को मृत घोषित करने का मामला**

# पीएमओ सहित 3 चिकित्सक निलंबित, जांच कमेटी गठित

## चिकित्सा मंत्री खींवसर के निर्देश पर विभाग ने लिया सख्त एक्शन

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर**

झुंझुनूं के राजकीय बीडीके अस्पताल की आपातकालीन इकाई में एक जीवित युवक को मृत घोषित करने के प्रकरण को स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही मानते हुए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के निर्देश पर विभाग ने सख्त एक्शन लिया है। प्रकरण में झुंझुनूं कलक्टर द्वारा गठित जांच कमेटी की रिपोर्ट पर विभाग ने प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. संदीप पचार, डॉ. योगेश कुमार जाखड़ एवं डॉ. नवनीत मील को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया गया है। साथ ही मामले की विस्तृत जांच के लिए चार सदस्यीय कमेटी भी गठित कर दी गई है। प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य गायत्री राठौड़ ने बताया कि राज्य सरकार ने प्रकरण को बेहद गंभीरता से लेते हुए संयुक्त निदेशक जयपुर जोन डॉ. नरोत्तम शर्मा की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय कमेटी गठित की है। कमेटी में कांवटिया अस्पताल में मेडिकल जूरिस्ट डॉ. अजय श्रीवास्तव, » शेष पृष्ठ 6 पर

# नारकोटिक्स इंस्पेक्टर तीन लाख की घूस लेते पकड़ा

## क्लिनिक के खिलाफ मामले के निपटारे के लिए मांगी थी 20 लाख रुपए की घूस

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर**

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) सीबीआई ने शुक्रवार को चित्तौड़गढ़ के केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (एनसीबी) के इंस्पेक्टर और बिचौलिए को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। एक क्लिनिक के खिलाफ मामले के निपटारे के लिए 20 लाख रुपए की रिश्वत मांगी गई थी। बिचौलिए के मार्फत रिश्वत के 3 लाख रुपए लेते आरोपी इंस्पेक्टर को पकड़ा गया है। फिलहाल दोनों आरोपियों से टीम पूछताछ करने में जुटी है।

सीबीआई को परिवादी ने शिकायत की थी। इसमें चित्तौड़गढ़ के केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो के इंस्पेक्टर एक बिचौलिए के मार्फत 3 लाख रुपए की रिश्वत मांग रहे है। रिश्वत की रकम आरोपियों की ओर से उनकी क्लिनिक के खिलाफ मामले के निपटारे के लिए मांगी जा रही है। मामले निपटारे के लिए 20 लाख रुपए की रिश्वत की डिमांड की गई थी। उसके बाद आरोपियों की ओर से 8 लाख रुपए की रिश्वत मांग रखी गई। सीबीआई की ओर से शिकायत पर बुधवार को एनसीबी के आरोपी इंस्पेक्टर आदर्श योगी और बिचौलिए केशव के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। इसके बाद सीबीआई ने ट्रेप का जाल बिछाकर चित्तौड़गढ़ के एनसीबी इंस्पेक्टर आदर्श योगी की ओर से 3 लाख रुपए की रिश्वत लेते बिचौलिए केशव को रंगे हाथों धर-दबोचा।

सीबीआई टीम के चित्तौड़गढ़ और बीकानेर में आरोपी इंस्पेक्टर के घर और ऑफिस की तलाशी ली। टीम ने तलाशी में आपत्तिजनक डॉक्यूमेंट को जब्त कर लिए है।

### इंस्पेक्टर के घर और ऑफिस की तलाशी ली गई

सीबीआई की ओर से शिकायत पर बुधवार को केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो के आरोपी इंस्पेक्टर आदर्श योगी और बिचौलिए केशव के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। सीबीआई ने ट्रेप का जाल बिछाकर चित्तौड़गढ़ के इंस्पेक्टर आदर्श योगी की ओर से 3 लाख रुपए की रिश्वत लेते बिचौलिए केशव को रंगे हाथों धर-दबोचा। सीबीआई टीम के चित्तौड़गढ़ और बीकानेर में आरोपी इंस्पेक्टर के घर और ऑफिस की तलाशी ली।




**सब-इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा-2021** | नियुक्ति व पॉसिंग परेड रोक लगाई

# हाईकोर्ट ने 10 ट्रेनी थानेदारों को दी जमानत, 9 की अपील खारिज

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर**

सब इंस्पेक्टर भर्ती -2021 के पेपरलीक मामले में हाईकोर्ट ने शुक्रवार को 10 ट्रेनी सब इंस्पेक्टर को जमानत दे दी है। वहीं 9 आरोपियों की अपील खारिज की गई है। इन सभी ट्रेनी सब इंस्पेक्टर पर आरोप था कि लिखित परीक्षा से पहले इनके पास पेपर पहुंचा था। इन्होंने अन्य अभ्यर्थियों से भी पेपर शेयर किया था। जस्टिस जयपुर बेंच में गणेशराम मीणा की अदालत ने मामले में 19 आरोपियों की जमानत याचिकाओं पर बहस के बाद कुछ दिन पहले फैसला सुरक्षित रख लिया था, जिसको शुक्रवार को सुनाया गया।



राजस्थान हाईकोर्ट से शुक्रवार को ट्रेनी एसआई करणपाल, एकता, मनोहर, सुरेंद्र, रोहिताश, राजेश्वरी, अभिषेक, प्रवीण, प्रेमसुखी, नीरज कुमार यादव को जमानत मिली है। वहीं, गिरधारीराम, जगदीश सिहाग, हरकू, चेतन सिंह, दिनेश सिंह, राजाराम,अंकित, भगवती और हनुमान की जमानत याचिका खारिज हो गई है। इनमें से अधिकतर आरोपियों को स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने मार्च में गिरफ्तार किया था। ट्रेनी थानेदारों को जमानत मिलने के बाद जब एसओजी के एडीजी वीके सिंह से बात की तो उन्होंने कहा कि वे विधिक राय ले रहे है। » शेष पृष्ठ 6 पर